## अणु प्रश्न

प्र.1 राबर्ट नर्सिग होम नामक **रिपोर्ताज** किसने लिखा है?

प्र.2 **यह रिपोर्ताज** किस सन् का है**?**

प्र.3 मदर टेरेसा की जन्मभूमि और कर्मभूमि कौन सी है**?**

प्र.4 लेखक ने इस **रिपोर्ताज** में मदर **टेरेसा** की उम्र कितनी बताई है ?

प्र.5 इस **रिपोर्ताज** में एक सिस्टर का वर्णन है उसका नाम क्या है ?

प्र.6 क्रिस्ट हैल्ड **कहाँ** की रहने वाली है**?**

प्र.7 इस **रिपोर्ताज** में हिटलर को कौन–सा देवता कहा गया है ?

प्र.8 इस नर्सिंग होम की सबसे बुजुर्ग मदर कौन सी है ?

प्र.9 जादू की पुड़िया लेखक ने किसे कहा है?

**प्र.**10 सिस्टर क्रिस्टहैल्ड का तबादला **कहाँ हुआ** ?

प्र.11 **रिपोर्ताज** के अनुसार गीता भारतवासियो **के कहाँ** विराजमान है **?**

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. देह उनकी कोई पैंतालीस बसंत देखी के माध्यम से लेखक का क्या आशय है?
    1. सौन्दर्य
    2. मौसम
    3. उम्र
    4. चुस्ती–फुर्ती
2. हिटलर को मदर ने बुरा कहा, क्योंकि वह–
    1. फ्रांस को जीतना चाहता था
    2. नफ़रत फैला रहा था
    3. जर्मनी का रहने वाला था
    4. स्त्री विरोधी था

3. काम यों की मशीन मात मानें का आशय है–

1. सभी उपकरण चलाने का कौशल
2. शीघ्रता से काम कर लेना
3. मशीनों को बुरा मानना
4. मशीनों से भी तेज काम करना

4\. मदर **टेरेसा** का जीवन उद्देश्य था–

1. ईसाई धर्म का प्रचार करना
2. महिलाओं को जागरूक करना
3. भारत की संस्कृति को समझना
4. रोगियों व जरूरतमंदो की सेवा करना

5\. हिटलर के लिए उपयुक्त विशेषणों का समूह है–

1. वीर, विजेता, शासक
2. संवेदनशील**, सहृदय,** शासनाध्यक्ष
3. क्रूर, निरंकुश, तानाशाह
4. निर्दय, साहसी, अधिनायक

6\. लेखक ने सबसे अधिक महत्व किसे दिया है?

1. रोगों को दूर करने की
2. भावुकतापूर्ण आचरण को
3. कठोरतापूर्ण व्यवहार को
4. मानवता के प्रति समर्पण को

7\. पाठ की भाषा शैली में कौन सी विशेषता नही मिलती?

1. **आँखों** देखा वर्णन
2. छोटी–छोटी बातों की व्याख्या
3. भावुकतापूर्ण उद्‌गार
4. चित्रात्मकता

8\. चीखते तड़पते रागी को मदर मार्गरेट ने कुछ नहीं कहा क्योंकि वे–

1. उसके रोग को मामूली समझती थी।
2. डॉक्टर पर विश्वास करती थी।
3. रोग से लड़ने की हिम्मत देना चाहती थी।
4. रोग का सही उपचार जानती थी।

## लघु एवं दीर्घउत्तरीय प्रश्नः—

**प्र.1** रॉबर्ट नर्सिंग होम में लेखक के लिए क्यों यादगार बन गया ? अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

**प्र.2**. रॉबर्ट नर्सिंग होम के डॉक्टर ने कहा मदर तुम **हँसी** बिखेरती **जो** हो'' आशय स्पष्ट कीजिए।

**प्र.3** लेखक मदर **टेरेसा** के जाने के बाद किस प्रकार की दीवारों के बारे में सोचता रहा? आपकी दृष्टि में इन दीवारों को गिराना क्यों जरूरी है?

**प्र.4** मदर मार्गरेट का जादू किसे कहा गया है? स्पष्ट कीजि**ए ।**

**प्र.5** फोटो किसी बात को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत **करता** है। आप इस विचार से **कहाँ** तक सहमत **हैं**? स्पष्ट कीजिए।

**प्र.6** रॉबर्ट नर्सिंग होम पाठ से हम अपने जीवन में क्या प्रेरणा ले **सकते हैं**, उल्लेख कीजिए।

**प्र.7** यदि मदर **टेरेसा** और क्रिस्टल हैल्ड एक होकर कार्य न करती तो किसकी हानि होती और क्यों? उल्लेख कीजिए।